बरेली।

अमर उजाला

17/05/2012

सफल नहीं होते एक ही तरीके से काम करने वाले

एसआरएमएस में इंस्पायर इंटर्नशिप में दूसरे दिन हुए व्याख्यान

एसआरएमएस में इंस्पायर इंटर्नशिप के दौरान व्याख्यान हुआ।

सिटी रिपोर्टर

बरेली। जिंदगी भर एक ही तरीके से काम करने वाले सफल नहीं होते। ज्यादातर लोग एक ही तरह से काम करते रहते हैं, चाहे उन्हें कामयाबी मिले या न मिले। मगर सफल वही लोग होते हैं, जो किसी भी काम को दूसरों की तुलना में अलग हटकर नए तरीके और आइडिया के साथ करते हैं उन्हें सफलता जल्द मिलती है। श्रीराममूर्ति स्मारक इंजीनियरिंग कॉलेज में इंस्पायर इंटर्नशिप के दूसरे दिन वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. महेश चंद्र ने व्याख्यान दिया।

डॉ. महेश चंद्र ने कहा कि अलग तरह से काम करने वाले सफल व्यक्तियों के उदाहरण दिए और विद्यार्थियों को समझाया। उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि विद्यार्थियों के अभिभावक इंजीनियर और डॉक्टर के बिंदु से हटना ही नहीं चाहते हैं। दरअसल, बहुत कम लोग हैं, जिन्होंने वैज्ञानिक की जिंदगी को नजदीक से देखा होता है। इसलिए वह उसकी गुणवत्ता से वाकिफ नहीं होते हैं। इंटर्नशिप के दूसरे मेंटर डॉ. संजीव सक्सेना ने कहा कि शोध को बढ़ावा दिए बिना देश की तरक्की नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य किसी भी देश की सर्वप्रमुख समस्या है। मगर जब तक दवाओं को बनाने के लिए शोध नहीं होंगे, तब तक बाजार में अच्छी दवाएं नहीं आएंगी। इसलिए शोध बेहद महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के अंत में दोनों मेंटर ने विद्यार्थियों के सवालों के जवाब भी दिए। अंत में संस्थान के प्रशासक सुभाष मेहरा ने दोनों को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस दौरान डॉ. प्रभाकर गुप्ता, कैंप के कोऑर्डिनेटर रवीश अग्रवाल और सचिन अग्रवाल पहुंचे। कार्यक्रम का संचालन साक्षी पांडेय ने किया।